एन.आर.सी.सी. वैज्ञानिक बीमारी से मरने वाले ऊंटों की जांच के लिए जैसलमेर पहुंचे

बीकानेर, (कासं)। राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र बीकानेर का वैज्ञानिक दल आज जैसलमेर में अज्ञात बीमारी से मर रहे ऊंटों की जांच करने पहुंचा।

पशुपालन विभाग जैसलमेर तथा समाचार पत्र में छपी जानकारी के आधार पर वैज्ञानिकों ने खेतोलाई, महेशों की ढाणी, उरानिया तथा जमानिया की ढाणी के ऊंटों के टोलों से लगभग 700 ऊंटों की जांच की। साथ ही इस क्षेत्र में ऊंटनी के पनपते दुग्ध उद्यम, स्वच्छ दूध उत्पादन को बढ़ावा देने और थनैला रोग से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए एनआरसीसी द्वारा ऊंटों में थनैला रोग का शीघ्र पता लगाने के लिए विकसित 'का-मैस्टी-टेस्ट' नामक एक परीक्षण का ऊंट पालकों के समक्ष प्रदर्शन भी किया गया।

एनआरसीसी के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. राकेश रंजन ने बताया कि पशुओं में अधिकतर किसी अज्ञात बीमारी का अधिक संक्रमण होने से यह तेजी से अन्य स्वस्थ टोलों/जानवरों में भी फैल सकती है। इसमें पशुपालकों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए तथा बीमारी के शुरूआती लक्षणों में ही उचित प्रबंधन के लिए पशु चिकित्सालय से सम्पर्क करना चाहिए।

केन्द्र के निदेशक डॉ. आर. के. सावल जैसलमेर गए वैज्ञानिक दल से लगातार सम्पर्क में रहें। उन्होंने कहा कि एनआरसीसी उष्ट्र संरक्षण एवं विकास हेतु प्रतिबद्ध है तथा उष्ट्र प्रजाति पर ऐसी किसी भी आपात स्थिति को गंभीरता व तत्परता से लेता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए वैज्ञानिकों को जैसलमेर भेजा गया ताकि पशुओं में फैली इस अज्ञात बीमारी का पता लगाया जा सकें और पशुपालकों को भी पशुधन के कारण होने वाली हानि से बचाया जा सकें।

केन्द्र वैज्ञानिकों के साथ पशुपालन विभाग जैसलमेर के संयुक्त निदेशक डॉ. जगदीश बनघंटीयार, डॉ. नदीम, पशु चिकित्सा अधिकारी आदि ने पशुओं की जांच आदि कार्यों में सहायता प्रदान की। केन्द्र वैज्ञानिक डॉ. श्यामसुंदर चौधरी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. काशीनाथ ने बताया कि ऊंटों की जांच के दौरान संक्रमित दिखने वाले 25 ऊंटों को सर्वप्रथम अलग करते हुए उनके रक्त तथा मींगणी के नमूने केन्द्र में जांच हेतु लिए गए। साथ ही अन्य जानवरों का लक्षणों के आधार पर उपचार किया गया। साथ ही उष्ट्र पालकों को ऊंटों के स्वास्थ्य प्रबंधन एवं संक्रामक रोगों से बचाव के लिए सुझाव दिए गए।

वहीं नोखा में राष्ट्रीय आविष्कार योजना के अंतर्गत अंतर जिला शैक्षिक भ्रमण के तहत जिला स्तरीय भ्रमण दल में नोखा ब्लॉक के 50 छात्र- छात्राएं उदयपुर शैक्षिक भ्रमण के लिए सोमवार रात को रवाना हुए। आज उदयपुर में नारायण सेवा संस्थान में साइंस म्यूजियम एवं दिव्यांग बालक बालिकाओं के उपकरणों एवं संस्थान के कार्यों का अवलोकन किया। एकलिंग मंदिर एवं उदयपुर के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी माया बजाड़ ने बताया कि नोखा ब्लॉक के छात्र-छात्राओं का यह दल सोमवार की रात को पीएम श्री बाबा छोटूनाथ स्कूल शहीद जगदीश बिश्नोई स्मारक से रवाना हुआ।



जैसलमेर में एन.आर.सी.सी. बीकानेर के वैज्ञानिकों ने अज्ञात बीमारी से मरने वाले ऊंटों की जांच के लिए रक्त व मिंगणी के नमूने लिए।

- वैज्ञानिकों ने खेतोलाई, महेशों की ढाणी, उरानिया तथा जमानिया की ढाणी के ऊंटों के टोलों से लगभग 700 ऊंटों की जांच की
- संक्रमित दिखने वाले 25 ऊंटों को सर्वप्रथम अलग करते हुए उनके रक्त तथा मींगणी के नमूने लिए

मंदिर में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

नोखा, (कासं)। मंदिर की ताले तोड़कर चोरी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी ने जेगला गांव में हनुमानजी के मंदिर के ताले तोड़कर गल्ले से नकदी चुराई थी।

थानाधिकारी अमित कुमार स्वामी ने बताया कि जेगला पन्ना दरोगा निवासी मोहनलाल बिश्नोई ने मामला दर्ज करवाया था। जिसमें उसने बताया कि जेगला पन्ना दरोगा में श्री गुरू जम्भेश्वर महाराज और हनुमानजी महाराज के मंदिर पास बने हुए है। श्री गुरू जम्भेश्वर मंदिर का चढ़ावा और नकदी मंदिर में रखे गल्ले में डाले जाते है।

मोहनलाल ने बताया कि 22 नवम्बर की शाम को वो पूजा पाठ करके मंदिर बंद कर अपने खेत चला गया। अगले दिन सुबह जब पूजा करने के लिए मंदिर आया तो मंदिर के बाहर बने हुए चैनल गेट और हनुमान मंदिर का ताला टूटा हुआ था। उसने गांव के कई लोगों को बुलाया और मौका दिखाया। मंदिर के अंदर देखा गल्ले से नकदी गायब थी।

मोहनलाल की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर एएसआई राजूराम ने जांच शुरू की। नोखा थानाधिकारी ने टीम गठित कर अज्ञात आरोपी की तलाश की। टीम ने आरोपी को जेगला गोगलियान निवासी बनवारीलाल को डिटेन कर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद करने के प्रयास किए जा रहे है। टीम में एएसआई राजूराम, कानि. संजय, हरिपाल, अचल शामिल थे।

सार-समाचार

पल्स पोलियो अभियान की तैयारी

हनुमानगढ़ कलेक्टर कानाराम ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक को संबोधित किया।

हनुमानगढ़, (कासं)। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक मंगलवार 26 नवम्बर को जिला कलक्टर कानाराम की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा, आरसीएचओ डॉ. सुनील विद्यार्थी, एसीएमएचओ डॉ. ज्योति धींगड़ा, जिला औषधि भण्डार के डीपीसी डॉ. प्रीतमोहिन्दर सिंह सहित समस्त एनएचएम कार्मिक सहित समस्त बीसीएमओ, बीपीएम एवं सीएचसी-पीएचसी मेडिकल ऑफिसर्स एवं अन्य विभागों के अधिकारी-प्रभारी उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर कानाराम ने कहा कि 8 दिसम्बर को आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान की तैयारियां शुरू करें। उन्होंने कहा कि भारत पोलियो मुक्त जरूर है, लेकिन पड़ोसी देशों में अभी भी इसके मामले देखने को मिल रहे हैं। इसलिये जिले के 0-5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए आवश्यक तैयारियां कर लें। समस्त स्टाफ को पल्स पोलियो अभियान की ट्रेनिंग दें ताकि जिले में कोई भी बच्चा दवा पीने से वंचित ना रह पाए। अपने-अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सरपंचों, समाजसेवी नागरिकों से बूथ का उद्घाटन करवाएं। क्षेत्र के लोगों का सहयोग लें ताकि अधिक से अधिक बच्चे पोलियो बूथ पर आकर दवा पी सकें।

हनुमानगढ़ से 300 तीर्थ यात्री रवाना

हनुमानगढ़, (कासं)। देवस्थान विभाग राजस्थान सरकार की ओर से संचालित वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2024 अन्तर्गत संचालित रेलगाड़ी ने मंगलवार सुबह 11 बजे हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन से रामेश्वरम-मदुरई के लिए प्रस्थान किया। रेलगाड़ी में हनुमानगढ़ जिले के 300 यात्री हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन से रवाना हुए। तीर्थ यात्रियों ने भजनलाल सरकार की इस योजना के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए सरकार ने उन पर बहुत बड़ा उपकार किया है। कई तीर्थ यात्रियों ने कहा कि वे ऐसी स्थिति में नहीं थे कि तीर्थ यात्रा कर सकें लेकिन प्रदेश सरकार ने उनका सपना साकार करने का काम किया है। इससे पहले रेलवे स्टेशन परिसर में देवस्थान विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जिला कलेक्टर कानाराम की ओर से वरिष्ठ नागरिकों को मानस अभियान के तहत नशा मुक्ति के लिए सामूहिक शपथ दिलाई गई। शुभकामना संदेश देने एवं रेल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में भादरा विधायक संजीव बेनीवाल, हनुमानगढ़ विधायक गणेश राज बंसल, सुमित रणवां, अमित सहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि व देवस्थान विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर जिला कलेक्टर कानाराम ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। आज इस योजना से बड़ी संख्या में जिले के नागरिक लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी तीर्थ यात्रियों से आग्रह किया गया है कि वे जिले की समृद्धि और जिले की सबसे बड़ी समस्या नशे से मुक्ति को लेकर स्वयं प्रण लें और वापस आकर ऐसी बुराई के खात्मे के लिए जिला प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे अभियान में अपना पूरा सहयोग प्रदान करें।

उपासरे में 18 महापूजन 28 को

बीकानेर, (कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ के जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज आदि ठाणा व साध्वीश्री विजय प्रभा व प्रभंजनाश्रीजी आदि ठाणा के सानिध्य में गुरुवार को सुबह नौ बजे 18 अभिषेक महापूजन होगा। सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा ने बताया कि गुरुवार को सुबह साढ़े आठ बजे ढड्ढा चौक के कोठारी भवन से आचार्यश्री के नेतृत्व में आगम तप के दौरान प्रदत प्रतिमाओं को लेकर शोभायात्रा के साथ सुगनजी महाराज के उपासरे पहुंचेंगे। उन्होंने सभी आगम तप तपस्वियों व श्रावक-श्राविकाओं से आग्रह किया है कि तप के बहुमान के दौरान मिली परमात्मा की प्रतिमाओं के साथ अपने घर की प्रतिमाओं को किनार की थाली में लेकर पहुंचे। नाहटा ने बताया कि जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरीश्वरजी महाराज के सानिध्य में भवोदधितरक-शिव सुखकारक श्री 45 आगम तप भगवान श्री नमिनाथ जन्म कल्याणक दिवस 28 जुलाई से मणिधारी दादा गुरूदेव जिन चन्द्र सूरि जन्म जयंती 11 सितम्बर 2024 तक आयोजित किया गया। तप के दौरान ढड्ढा चौक में आगम वाटिका स्थापित की गई जिसमें बैठकर श्रावक-श्राविकाओं ने नियमित आगमों की पूजा व मंत्र जाप किया था।

सड़क किनारे झाड़ियों को हटाएं

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिला पर्यावरण समिति की बैठक मंगलवार को जिला कलेक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान आवागमन व्यवस्था को सुचारू करने के लिए सड़क किनारे उगी झाड़ियों को हटाने के निर्देश पीडब्लयूडी अधिकारियों को देते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के आदेशानुसार विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाए। जिला कलक्टर ने कहा कि जिले में विभिन्न सड़क मार्गें पर विलायती बबूल की झाड़ियां से आवागमन बाधित ना हो, इसलिए पीडब्लयूडी इन्हें अविलम्ब हटाए। वन विभाग की ओर से इस कार्रवाई में अपेक्षित सहयोग दिया जाए। जिला कलेक्टर ने सूखे पेड़ों को हटाने के निर्देश भी देते हुए अब तक हुई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए कहा कि हटाए गए पेड़ों की जगह वन विभाग की ओर से समुचित पौधारोपण किया जाए। इस दौरान वन विभाग की ओर से हटाए जाने वाले सूखे पेड़ों पर चर्चा भी की गई।

बॉर्डर इंटेलिजेंस चौकियां खस्ताहाल, फोर व्हीलर तक नहीं

बीकानेर, (कासं)। जिले में पाकिस्तान की ओर से हेरोइन की तस्करी और साइबर गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। उसकी तुलना में इंटेलीजेंस की बॉर्डर चौकियों और संसाधनों में कोई इजाफा नहीं किया गया है। तारबंदी के बाद बंद की गई चौकियों और नई खोलने के लिए पुलिस मुख्यालय को भेजे गए प्रस्ताव भी ठंडे बस्ते में डाल दिए गए हैं।

बीकानेर जिले की करीब 170 किमी सीमा पाकिस्तान बॉर्डर से लगती है। पाक तस्करों ने हेरोइन तस्करी और साइबर गतिविधियों को अंजाम देने के लिए इस एरिया को टारगेट कर रखा है। करोड़ों रूपयों की हेरोइन ड्रोन के जरिये भारतीय सीमा में गिराई जा रही है। पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई तो यहां पहले से सक्रिय रही ही है। अब तस्करी और साइबर अटैक ने भी जिले को और ज्यादा संवेदनशील बना दिया है। इसके बावजूद इंटेलीजेंस की बॉर्डर चौकियों में कोई इजाफा नहीं किया जा रहा है। बल्कि बीआई चौकियां खस्ताहाल हैं। ना तो स्टॉफ पूरा है और ना ही साधन-संसाधन। स्थिति यह है कि 170 किमी अंतरराष्ट्रीय सीमा की निगरानी के लिए इंटेलीजेंस की चौकियों के पास एक भी फोर व्हीलर नहीं है। केवल खाजूवाला और बज्जू बीआई को ही बाइक दे रखी है जो पर्याप्त नहीं है।

वर्तमान में जिले में खाजूवाला, रणजीतपुरा, दंतौर, छत्तरगढ़, बज्जू, लूणकरनसर में बीआई है। इनमें से रणजीतपुरा और दंतौर बीआई को अस्थाई रूप से चलाया जा रहा है। इन दोनों के साथ ही पूगल में बीआई शुरू करने के प्रस्ताव पीएचक्यू को भेजे गए थे। जिन पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। गौरतलब है कि खाजूवाला, रणजीतपुरा और दंतौर की सीमा सीधे पाक बॉर्डर से लगती है।

छतरगढ़ में एसआई की पोस्ट खाली पड़ी है। दो एएसआई हैं। हेड कांस्टेबल नहीं है और कांस्टेबल की एक पोस्ट की जगह दो लगा रखे हैं। खाजूवाला एक एसआई, दो में से एक एएसआई, एक हैड कांस्टेबल और एक कांस्टेबल हैं। लूणकरनसर में एसआई की पोस्ट खाली है। दो एएसआई, एक हैड कांस्टेबल और एक कांस्टेबल की जगह दो कांस्टेबल तैनात हैं। बज्जू में एसआई नहीं है। दो में से एक एएसआई है। एक हैड कांस्टेबल और एक कांस्टेबल है। दंतौर में एक एसआई, एक हैड कांस्टेबल और एक कांस्टेबल कार्यरत है। रणजीतपुरा केवल एक एएसआई ही है।

ओमप्रकाश, आईजी बीकानेर रेंज का कहना है कि सीमाई क्षेत्र में पुलिस थाना-चौकियों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। पाक सीमा से हेरोइन तस्करी को देखते हुए बीएसएफ और इंटेलीजेंस से समन्वय कर काम कर रहे हैं।

- बी.आई. चौकियों में ना तो स्टॉफ पूरा है और ना ही संसाधन
- इंटेलीजेंस की चौकियों के पास एक भी फोर व्हीलर नहीं है

हेरोइन सहित दो बदमाश गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। पुलिस ने 5 ग्राम हेरोइन के साथ 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी मौसम विभाग ओवरब्रिज पर हेरोइन लेकर घूम रहे थे। इसी दौरान पुलिस को इनके पास हेरोइन होने की सूचना मिली और इन्हें धर दबोचा।

दोनों इसी इलाके में छजगरिया मोहल्ले के रहने वाले है। उनसे पूछताछ की जा रही है। साथ ही इनका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है। पुलिस को मौसम विभाग ओवरब्रिज के पास 2 युवकों के पास हेरोइन होने की सूचना मिली थी। इस पर जवाहर नगर थाने के एसआई राजकुमार ने टीम के साथ दबिश दी। पुलिस को देखते हुए दोनों घबरा गए और बचने का प्रयास किया लेकिन पुलिस कर्मियों ने इन्हें काबू कर लिया। आरोपी सन्नी छजगरिया पुत्र प्यारेलाल और सागर पुत्र बिल्लू धारीवाल छजगरिया मोहल्ला के रहने वाले हैं।

सन्नी के पास 3 ग्राम और सागर के पास 2 ग्राम हेरोइन मिली। दोनों से हेरोइन लाने के पीछे उनके इरादे और ये हेरोइन वे किससे लेकर आये हैं। इस बारे में पूछताछ की जा रही है। दोनों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है।

मुनि सुव्रत स्वामी मंदिर में दादा गुरूदेव की बड़ी पूजा

बीकानेर, (कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ के जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज आदि ठाणा के सानिध्य में मंगलवार को नाल गांव में मुनि सुव्रत स्वामी मंदिर का प्रतिष्ठा महा महोत्सव मंगलवार द्वारो उद्घाटन, परमात्मा के अभिषेक व सतरह भेदी तथा दादा गुरूदेव की बड़ी पूजा और मंगल आरती के बाद संपन्न हुआ।

श्री जैन श्वेताम्बर ओसवाल श्रीसंघ खरतरगच्छ ट्रस्ट के अध्यक्ष रतन लाल नाहटा ने बताया कि नूतन जिनालय की प्रतिष्ठा के बाद मंगलवार सुबह द्वार के पट खोलने का लाभ, प्रतिष्ठा व मंदिर निर्माण के मुख्य लाभार्थी वीरमती देवी पत्नी स्व. भंवरलाल डागा परिवार के सिद्धकरण, अभय-साधना डागा, महावीर, आदित्य, युवराज व तरूण डागा आदि के साथ पवन पारख ने लिया। जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज के सानिध्य में मुनिवृंद के नेतृत्व में विधिकारक नागदा के गौरव जैन ने परमात्मा अभिषेक व पूजा, दादा गुरूदेव की बड़ी पूजा भक्ति गीतों के साथ की। मुनि शौर्य रतन सागर, बालमुनि श्रुत रतन सागर आदि ठाणा पांच के साथ घाणेराव के रामलाल ने भक्ति गीत प्रस्तुत किए। दादा गुरूदेव की पूजा में हवन, केशर, पुष्प, धूप, दीप, अक्षत, नैवेद्य, फल, वस्त्र व ध्वज व अर्घ पूजा के दौरान विभिन्न राग व तर्जों में भजन, दोह व मंत्रोच्चारण किया गया। पूजा में पुजारी राजेन्द्र भोजक की सक्रिय भागीदारी रही।

- मुनि सुव्रत स्वामी मंदिर का प्रतिष्ठा महा महोत्सव, सतरह भेदी तथा दादा गुरूदेव की बड़ी पूजा और मंगल आरती के
- द्वार के पट खोलने का लाभ सिद्धकरण, अभय-साधना डागा ने लिया

बिना डिग्री इलाज, 35 प्रकार की दवाएं जब्त

श्रीगंगानगर, (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक क्लीनिक पर दबिश दी गई। क्लीनिक अवैध रूप से चलाने की शिकायत मिलने पर सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला के नेतृत्व में शाम पांच बजे कार्रवाई शुरू की गई जो देर रात तक जारी थी।

जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग को टोल फ्री नंबर 181 पर अवैध क्लीनिक के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। जिस पर टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। राज्य सरकार के ऑपरेशन ब्लैक थंडर के तहत टीम ने ट्रक यूनियन पुलिया पर स्थित गौरव क्लीनिक पर दबिश दी। इस दौरान यहां कुलवंत राय गिल्होत्रा मौके पर मिले, जिनके पास एलोपैथी की कोई डिग्री नहीं मिली। जबकि यहां एलोपैथी सहित अन्य कुछ दवाएं मिली। टीम में कार्यवाहक बीसीएमओ डॉ. अभिशेष शर्मा, यूडीसी संदीप वर्मा एवं ड्रग इंस्पेक्टर अमनदीप कौर शामिल रही। वहीं पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। बताया जा रहा है कि मौके पर 35 प्रकार की दवाएं बरामद की गई। इनमें इंजेक्शन, कैप्सूल व गोलियां आदि शामिल हैं। सीएमएचओ डॉ. सिंगला ने बताया कि मौके पर कुछ एनडीपीएस घटक की दवाएं भी मिली हैं।

एम.डी.सप्लायर गिरफ्तार

बीकानेर,(कासं)। पुलिस ने रामपुरा बस्ती निवासी एम.डी. सप्लायर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त फलौदी से एमडी लाकर बीकानेर में सप्लाई करता था।

सदर थाना पुलिस और डीएसटी ने भुट्टों के चौराहे के पास शकूर अली को गिरफ्तार कर 23.12 ग्राम एमडी बरामद की थी। अभियुक्त को यह एमडी रामपुरा बस्ती के पास रहने वाले सुल्तान खान ने दी थी। मामले की जांच व्यास कॉलोनी थाने के एसआई देवेन्द्र सोनी को सौंपी गई। पुलिस ने फरार चल रहे सुल्तान को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। फलौदी में एमडी सप्लाई करने वाले को नामजद कर लिया गया है।

किसानों का प्रदर्शन, मूंगफली खरीद सीमा बढ़ाने की मांग

बीकानेर, (कासं)। पूगल रोड स्थित अनाज मंडी में किसानों ने मूंगफली खरीद सीमा 40 क्विंटल से बढ़ाकर 100 क्विंटल करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। किसानों के विरोध के चलते मंडी में बोली प्रक्रिया तीन घंटे तक बाधित रही, जिससे किसानों को परेशान होना पड़ा।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि व्यापारी औने-पौने दाम में मूंगफली खरीद रहे हैं, जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है। प्रशासन ने किसानों को केंद्र सरकार तक उनकी मांग पहुंचाने का आश्वासन देकर प्रदर्शन समाप्त कराया। किसानों का कहना है कि व्यापारी उनकी मूंगफली को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम कीमत पर खरीद रहे हैं। मंडी सचिव विनोद सोनी ने बताया कि किसान संगठनों की मांग को केंद्र सरकार तक भिजवाने का आश्वासन दिया गया है। किसानों ने एमएसपी से कम भाव मिलने की शिकायत भी दर्ज करवाई है। मूंगफली खरीद की सीमा 40 क्विंटल से बढ़ाकर 100 क्विंटल की जाए। न्यूनतम समर्थन मूल्य 6783 रुपए प्रति क्विंटल के अनुसार व्यापारी खरीद सुनिश्चित करें। वर्तमान में मिल रहे न्यूनतम भाव (4500-6300 रुपए प्रति क्विंटल) को बढ़ाया जाए। मंडी सचिव ने कहा कि इस वर्ष केंद्र सरकार ने समर्थन मूल्य पर खरीद सीमा 25 क्विंटल से बढ़ाकर 40 क्विंटल की थी।

- मूंगफली खरीद सीमा 40 से बढ़ाकर 100 क्विंटल करने की मांग

महिलाओं के लिए भोजन, आवास और मेडिकल आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली

बीकानेर, (कासं)। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने मंगलवार को पीबीएम अस्पताल परिसर में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया।

उन्होंने केन्द्र की कार्य प्रणाली के बारे में जाना और कहा कि पीडित महिला को त्वरित राहत और संरक्षण मिले। इसके मद्देनजर केन्द्र का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। ग्रामीण विकास और राजीविका के माध्यम से अधिक से अधिक महिलाओं तक इसकी कार्यप्रणाली की जानकारी उपलब्ध करवाई जाए, जिससे जरूरतमंद महिलाओं को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने वर्ष 2017 में केन्द्र की स्थापना से लेकर अब तक दर्ज प्रकरणों की जानकारी ली और पूछा कि कितने प्रकरणों में न्यायिक सहायता उपलब्ध करवाई गई है।

उन्होंने कहा कि समझौते से निस्तारित प्रकरणों का नियमित फीडबैक लिया जाए। उन्होंने काउंसलिंग प्रक्रिया, स्टाफ के कार्यों, केस वर्कर, लीगल काउंसलर आदि के कार्यों की जानकारी ली। शिकायत बॉक्स में आने वाले प्रकरणों के बारे में जाना। साथ ही यहां आने वाली महिलाओं के लिए भोजन, आवास और मेडिकल आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने केन्द्र के सभी कक्षों का अवलोकन किया तथा केन्द्र की गतिविधियों की सराहना की। केन्द्र को मिलने वाली पुलिस और चिकित्सक सहायता के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद महिलाओं के प्रति विधि सम्मत सहयोग के साथ मानवीय दृष्टिकोण भी रखा जाए जिससे उन्हें संबल मिल सके।

उन्होंने सखी वन सेंटर स्टॉप सेंटर के नए भवन के लिए भूमि आवंटन की जानकारी ली और कहा कि भवन निर्माण के लिए राशि आवंटन संबधी पत्राचार की प्रतियां उन्हें भी उपलब्ध करवाएं, जिससे वित्तीय स्वीकृति के प्रयास किए जा सकें। उन्होंने कहा कि केन्द्र में सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएं। उन्होंने केन्द्र से संबंधित महत्वपूर्ण केस स्टडीज के बारे में जाना और कहा कि सफल प्रकरणों को आमजन के बीच पहुंचाया जाए।

बीकानेर में राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष विजया रहाटकर ने पीबीएम अस्पताल परिसर में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया।

- सखी सेंटर के सभी कक्षों का अवलोकन कर केन्द्र की गतिविधियों की सराहना की

सरगम के रंग पवन प्यारे के संग ने स्वर संगीत को रचाया

बीकानेर, (कासं)। साहित्य एवं संगीत की जुगलबंदी का कार्यक्रम 'सरगम के रंग पवन प्यारे के संग' कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्कृतिकर्मी राजेन्द्र जोशी ने कहा कि साहित्य एवं संगीत का चोली-दामन का साथ युगों-युगों से चलता आया है।

आज के कार्यक्रम में एक से बढकर एक अच्छे सुमधुर कंठों से गीतों की प्रस्तुति हुई चाहे वह फिमेल हो या मेल आवाज। मुख्य अतिथि गीतकार मनीषा आर्य सोनी ने कहा कि मुझे गर्व है कि मेरा जन्म ब्राह्मण स्वर्णकार कुल में हुआ जहां से संगीत मुझे विरासत में मिला। मेरी दादी एवं नानी पारम्परिक लोक भजन गाया करती थी और बचपन में मैं भी उनके साथ गुनगुनाया करती थी। आज तीन घंटे चले संगीत के इस भव्य आयोजन में मैंने पाया कि सभी कलाकार सिद्धहस्त थे जिन्होंने अपनी गायन कला का शानदार प्रदर्शन कर सभी को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत में सभी अतिथियों ने मां शारदे के चित्र पर पुष्पांजलि की। स्वागत उद्बोधन देते हुए व्यंग्यकार-सम्पादक डॉ.अजय जोशी ने संगीत के कार्यक्रम की महत्ता पर विचार रखते हुए सभी का स्वागत किया। युवा कवयित्री एवं गायिका ज्योति वधवा ने सैंया ले गई जिया तेरी पहली नजर.., याद मेरी होटों पे आती तो होगी.. गीतों से कार्यक्रम का आगाज किया। पवन प्यारे एवं गोपिका सोनी ने साथ में गीत गाया हम दोनों दो प्रेमी दुनियां छोड़ चले.., ये आंखें देखकर हम सारी दुनियां भूल जाते हैं।

सरगम के रंग पवन प्यारे के संग ने स्वर संगीत कार्यक्रम में गीतों की प्रस्तुति देती गायिका मनीषा सोनी।